THE VILLAGE
INTERNATIONAL SCHOOL
"We Nurture Dreams"

| | | |
|---|---|---|
| **Date: 5/01/23** | **MODEL EXAM -2 (2023-24)** | **Max marks: 80** |
| **GRADE: XAB** | **LANGUAGE 2 -HINDI** | **Time: 3 Hours** |
| | **ANSWER KEY** | |

**1. निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका पालन कीजिए I**

**2. प्रश्नों के उत्तर अंक अनुसार व क्रमानुसार दीजिए I**

**3.इस प्रश्न पत्र में दो खंड हैं- खंड 'अ ' और 'ब'**

**4.खंड 'अ ' में कुल 10 प्रश्न पूछे गए हैं। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।**

**5.खंड 'ब ' में 8 रचनात्मक लेखन के प्रश्न हैं तथा इन सभी को निर्देशानुसार हल कीजिए।**

**6. कुल 18 प्रश्नों की सख्या है।**

**7.प्रत्येक प्रश्न को ध्यान पूर्वक पढ़ते हुए यथासभंव क्रमानुसार उत्तर लिखिए I**

खंड - 'अ'

(बहुविकल्पी / वस्तुपरक प्रश्न)

**1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए :5x1=5**

हम एक समाज में रहते हैं और सामाजिक जीवन में पड़ोस का विशेष महत्त्व है। पड़ोस सामाजिक जीवन के ताने-बाने का महत्त्वपूर्ण आधार है। दरअसल, पड़ोस जितना स्वाभाविक है हमारी सामाजिक सुरक्षा के लिए तथा सामाजिक जीवन की समस्त आनंदपूर्ण गतिविधियों के लिए, वह उतना ही आवश्यक भी है। यह सच है कि पड़ोसी का चुनाव हमारे हाथ में नहीं होता है, इसलिए पड़ोसी के साथ कुछ-न-कुछ

सामंजस्य तो बिठाना ही पड़ता है। हमारा पड़ोसी अमीर हो या गरीब, उसके साथ संबंध रखना सदैव हमारे हित में होता है। पड़ोसी से परहेज़ करना अथवा उससे कटे-कटे रहने में अपनी ही हानि है, क्योंकि किसी भी आकस्मिक आपदा अथवा आवश्यकता के समय अपने रिश्तेदारों तथा परिवारवालों को बुलाने में समय लगता है। ऐसे में पड़ोसी ही सबसे अधिक विश्वस्त सहायक हो सकता है। पड़ोसी चाहे कैसा भी हो, उससे अच्छे संबंध रखने चाहिए। जो अपने पड़ोसी से प्यार नहीं कर सकता, उससे सहानुभूति नहीं रख सकता, उसके साथ सुख-दुःख का आदान-प्रदान नहीं कर सकता तथा उसके शोक और आनंद के क्षणों में शामिल नहीं हो सकता, वह भला अपने समाज अथवा देश के साथ भावनात्मक रूप से कैसे जुड़ेगा। विश्वबंधुत्व की बात भी तभी मायने रखती है, जब हम अपने पड़ोसी से निभाना सीखे।

**(i)** 'विश्व-बंधुत्व की बात भी तभी मायने रखती है, जब हम अपने पड़ोसी से निभाना सीखें।' गद्यांश की इस पंक्ति के माध्यम से लेखक क्या सीख देना चाहते हैं**?**

**(a)** पड़ोसी से अहंकारी संबंध रखने की

**(b)** पड़ोसी से ईर्ष्या भाव रखने की

**(c)** पड़ोसी से सौहार्दपूर्ण संबंध रखने की

**(d)** पड़ोसी से द्वेष भाव रखने की

**(ii)** निम्न में से किस प्रकार के पड़ोसी के साथ संबंध रखना हमारे हित में होता है**?**

**(a)** गरीब **(b)** अमीर **(c) (a)** और **(b)** दोनों (**d)** इनमें से कोई नहीं

**(iii)** निम्नलिखित कथन **(A)** तथा कारण **(R)** को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए-

कथन: **(A)** पडोसी के साथ अच्छे संबंध हमारे हित में होते हैं।

कारण :**(R)** आकस्मिक आपदा के समय पड़ोसी ही सबसे विश्वस्त सहायक हो सकता है।

**(a)** कथन **(A)** तथा कारण **(R)** दोनों गलत है।

(b) कथन (A) गलत है, लेकिन कारण (R) सही है।

(c) कथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है।

(d) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही है तथा कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

(iv) 'विश्वस्त सहायक से क्या अभिप्राय है?

(a) अविश्वासी व्यक्ति (b) विश्वास करने योग्य सहायक व्यक्ति

(c) सहानुभूति वाला व्यक्ति (d) इनमें से कोई नहीं

(v) निम्न में से किस कथन को गद्यांश की सीख के आधार पर कहा जा सकता है?

(a) अब पछताए होत क्या, जब चिड़िया चुग गई खेत।

(b) विपदा के समय हमेशा पड़ोस याद आता है।

(c) एकता में शक्ति होती है।

(d) पड़ोसी के साथ अच्छे संबंध रखने चाहिए।

**2.निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए :5x1=5**

सत्संगति मतलब अच्छी संगत। अगर हमें अपने जीवन में हमेशा सही राह पर चलना है और समाज में एक अच्छे व्यक्ति के रूप में स्थान प्राप्त करना है, तो हमें हमेशा अच्छे लोगों की संगति में रहना होगा। लेकिन अगर हम अपने जीवन में हमेशा गलत लोगों की संगति में रहते हैं, तो हम कभी भी सही राह पर नहीं चल सकते। सत्संगति द्वारा हमारे सद्गुणों का विकास होता है। हम दयालु, परोपकारी, पुरुषार्थी, न्यायप्रिय तथा ईमानदार बनते है। सज्जनों के बीच उठने-बैठने से हमारी विचारों की संकीर्णता तथा बुद्धि की जड़ता दूर होती है। व्यवहार में विनम्रता आती है। सत्संगति मनुष्य को बुरे कर्म करने से रोकती है। विश्व के ऐसे अनेक उदाहरण मिलते हैं, जहाँ सत्संगति ने मनुष्य को केवल ऊँचा ही नहीं उठाया बल्कि अमर बना दिया। अंगुलिमाल ने महात्मा बुद्ध की संगति में आकर हिंसा का मार्ग छोड़कर अहिंसा का मार्ग अपनाया। डाकू रत्नाकर को कौन नहीं जानता, जो साधु की संगति में आकर ही डाकू से रामायण के रचनाकार बन अमर बन गए। इसके विपरीत कुसंगति में पड़कर व्यक्ति अच्छाई की राह छोड़कर पतन के मार्ग पर चलने लगता है। अतः मनुष्य को सदा प्रयास करना चाहिए कि वह सज्जन लोगों की संगति में रहे क्योंकि सत्संगति हमें उत्थान की ओर ले जाती है और कुसंगति पतन की ओर। सत्संगति में रहकर हमारा जीवन आनंदमय, शांतिमय तथा सुखमय हो जाता है।

(i) सत्संगति द्वारा हमारे किन गुणों का विकास होता है?

(a) दया (b) परोपकार (c) पुरुषार्थ (d) ये सभी

(ii) मनुष्य को बुरे कर्म करने से कौन रोकता है?

(a) उत्सुकता(b) संकीर्णता(c) सत्संगति(d) अनासक्ति

(iii) निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-

(क) हमारे व्यक्तित्व पर अच्छी संगति का प्रतिकूल प्रभाव पड़ता।

(ख) अच्छी संगति में रहने वाला व्यक्ति अच्छा कार्य करता है।

(ग) डाकू रत्नाकर ने रामायण की रचना की।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन सही है/है?

(a) केवल (क)(b) केवल (ख)(c) (क) और (ख)(d) (ख) और (ग)

(iv) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए-

कथन (A) :मनुष्य को सदैव सज्जन लोगों की संगति में रहने का प्रयास करना चाहिए।

कारण (R) :सत्संगति मनुष्य को उत्थान की ओर ले जाती है और जीवन को आनंदमय, शांतिमय और सुखमय बनाती है।

(a) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत है।

(b) कथन (A) गलत है तथा कारण (R) सही है।

(c) कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है।

(d) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही है तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

(v) अंगुलिमाल को किसने उपदेश दिया?

(a) किसी साधु ने(b) रत्नाकर ने(c) किसी सज्जन ने(d) महात्मा बुद्ध ने

**3. रचना की दृष्टि से वाक्य-भेद पर आधारित निम्नलिखित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के सही**

**उत्तर वाले विकल्पों को चुनकर लिखिए:4x1=4**

(i) निम्नलिखित में संयुक्त वाक्य का उदाहरण है-

(a) पारंपरिक पोशाक के साथ वह अपनी कमर में सदैव एक लकड़ी की तलवार बाँधे रहता।

(b) बड़े भाई साहब ने भी इस उम्र में पढ़ना शुरू किया था, जब मैंने शुरू किया था।

(c) लोग वक्त मुसीबत में उसे स्मरण करते और वह भागा-भागा वहाँ पहुँच जाता।

(d) असल में नवाब आसिफुद्दौला के यहाँ लड़के की कोई उम्मीद नहीं थी।

(ii) 'हमारी मृत्यु लोक कल्याण के हितार्थ होनी चाहिए।' रचना के आधार पर वाक्य का भेद है-

(a) सरल वाक्य (b) संयुक्त वाक्य (c) मिश्र वाक्य (d) विधान वाचक

(iii) 'उन्होंने ऐसी फिल्म बनाई थी, जिसे सच्चा कवि हृदय ही बना सकता था।' रचना के आधार पर वाक्य भेद होगा-

(a) सरल वाक्य (b) मिश्र वाक्य (c) संयुक्त वाक्य (d) संकेत वाचक वाक्य

(iv) 'नूह ने उसकी बात सुनी और दुखी हो मुद्दत तक रोते रहे।'-इस वाक्य का सरल वाक्य में रूपांतरित वाक्य कौन-सा है?

(a) जब नूह ने उसकी बात सुनी तब वह दुखी हो गए और मुद्दत तक रोते रहे।

(b) नूह उसकी बात सुनकर दुखी हो मुद्दत तक रोते रहे।

(c) नूह ने दुखी होकर उसकी बात सुनी और मुद्दत तक रोते रहे।

(d) क्योंकि नूह ने उसकी बात सुनी इसलिए वह दुखी हो मुद्दत तक रोते रहे।

(v) निम्नलिखित में सरल वाक्य का उदाहरण है:

(a) अपराध तो मैंने किया, लताड़ कौन सहे ?

(b) इस तरह अंग्रेज़ी पढ़ोगे, तो ज़िंदगी भर पढ़ते रहोगे।

(c) भाई साहब उपदेश देने की कला में निपुण थे।

**(d)** अगर तुम्हें इस तरह उम्र गँवानी है, तो घर चले जाओ।

**4. पदबंध पर आधारित निम्नलिखित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए-4x1=4**

**(i)** क्रिया विशेषण पदबंध का उदाहरण छाँटिए -

(a) विरोध करने वाले व्यक्तियों में कोई नहीं बोला।

(b) बच्चे बगीचे में खेल रहे हैं।

**(c)** उसने तताँरा को तरह-तरह से अपमानित किया।

(d) मुझे छत से चाँद दिखाई दे रहा है

(ii) 'मुझ पर दया दिखाने वाले आप महान है।'-वाक्य में रेखांकित पदबंध है-

**(a)** विशेषण पदबंध **(b)** क्रियाविशेषण पदबंध **(c)** संज्ञा पदबंध **(d)** सर्वनाम पदबंध

(iii)' निर्भीक और साहसी वजीर अली अपने अधिकार के लिए लड़ रहा था। 'वाक्य में रेखांकित पदबंध है-

**(a)** संज्ञा पदबंध **(b)** विशेषण पदबंध **(c)** क्रिया पदबंध**(d)** सर्वनाम पदबंध

**(iv)** 'अपने आत्मीय स्वभाव के कारण वह पूरे गाँव में चर्चित था।' - इस वाक्य में सर्वनाम पदबंध है -

**(a)** अपने आत्मीय स्वभाव **(b)** पूरे गाँव में चर्चित था **(c)** अपने आत्मीय स्वभाव के कारण वह **(d)** इनमें से कोई नहीं

(v) `लकडी से बनी यह अलमारी बहुत सुंदर है।'- रेखांकित पदबंध का प्रकार है -

**(a)** विशेषण पदबंध **(b)** सर्वनाम पदबंध **(c)** क्रिया पदबंध **(d)** क्रिया विशेषण पदबंध

**5. मुहावरों पर आधारित निम्नलिखित छह प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प को चुनकर लिखिए-4x1=4**

**(i)** 'मेरे भाई ने यह कार अपनी ---से ली है।' रिक्त स्थान की पूर्ति उचित मुहावरे से कीजिए।

**(a)** खेती करके **(b)** सूझबूझ से **(c)** परिश्रम करके **(d)** गाढ़ी कमाई

**(ii)** 'दोस्तों के पैसों पर ऐश करने वालों को जब स्वयं कमाना पड़ता है तब उन्हें ---होता है। 'रिक्त स्थान

की पूर्ति उचित मुहावरे से कीजिए।

(a) खुशी का ठिकाना न रहना (b) मत्थे मढ़ना (c) राह न सूझना (d) आटे दाल का भाव मालूम होना

(iii) 'परेशानी देखकर घबरा जाना' के लिए उपयुक्त मुहावरा है-

(a) ढीला पड़ना(b) कठिन काम के लिए उकसाना (c) हावी होना(d) हाथ- पाँव फूल जाना

(iv) निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए :

(I) राई का पहाड़ बनाना - समय काटना

(II) ओले पड़ना- बारिश होना

(III) उँगली पर नचाना - वश में करना

(IV) चमड़ी उधेड़ना- बहुत पिटाई करना

उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा /कौन-से युग्म गलत सुमेलित है/हैं?

(a) केवल(I) (b) केवल(II) (c) (I) और (II) (d) (III) और (IV)

(v) गणित का गृह कार्य करना मुझे---- जैसा प्रतीत होता है। रिक्त स्थान की पूर्ति उचित मुहावरे से कीजिए -

(a) फूलों की सेज (b) लोहे के चने चबाना(c) गड़े मुर्दे उखाड़ना (d) अंधे की लकड़ी

(vi) संतों की बातों को <u>हमेशा याद रखना</u> चाहिए। रेखांकित अंश के लिए कौन-सा मुहावरा प्रयुक्त करना उचित रहेगा?

(a) कलेजे से लगाना (b) उँगली पर नचाना (c) गाँठ बाँध लेना (d) अंक में समेटना

**6. समास पर आधारित निम्नलिखित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्पों को चुनकर लिखिए-4x1=4**

(i) 'दीया-बाती' शब्द किस समास का उदाहरण है?

(a) तत्पुरुष समास (b) द्विगु समास (c) बहुव्रीहि समास(d) द्वंद्व समास

(ii) 'बिना सहारे के' का समस्त पद तथा समास का भेद है-

(a) बेसहारा, अव्ययीभाव समास (b) बिन सहारा, तत्पुरुष समास (c) बेसहारा कर्मधारय समास (d) इनमें से कोई नहीं

(iii) 'स्नेहमग्न' का सही समास विग्रह है -

(a) स्नेह में मग्न (b) स्नेह के लिए मग्न (c) स्नेह पर मग्न (d) स्नेह से मग्न

(iv) निम्नलिखित में कर्मधारय समास का उदाहरण है-

(a) नवरत्न (b) बेकाम (c) जितेंद्रिय (d) नीलकमल

(v) द्विगु समास में पूर्व पद क्या होता है?

(a) अव्यय(b) विशेष्य (c) संख्या वाचक विशेषण (d) नकारात्मक पद

**7. निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर देने के लिए उचित विकल्पों को चुनकर लिखिए:2x1=2**

(i) तोप ने किन सूरमाओं के धज्जे उड़ा दिए थे?

(a) जो देश पर हमला करने आए थे। (b) जो देश के शत्रु थे। (c) जिन्होंने अंग्रेज़ों के विरुद्ध स्वतंत्रता संघर्ष में भाग लिया था। (d) इनमें से कोई नहीं ।

(ii) 'निंदक नेड़ा राखिए' का भाव है-

(a) निंदक को दूर रखना चाहिए। (b) निंदक को अपने निकट रखना चाहिए। (c) निंदक पर विश्वास नहीं करना चाहिए। (d) निंदक से सतर्क रहना चाहिए।

8. पठित गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उचित विकल्प चुनकर लिखिए:2x1=2

(i) वर्तमान समाज में उपस्थित शाश्वत मूल्य किसकी देन है?

(a) व्यवहारवादी लोगों की (b) आदर्शवादी लोगों की (c) शक्तिशाली लोगों की (d) प्रैक्टिकल आइडियलिस्टों की

(ii) राज कपूर की किस बात पर शैलेंद्र का चेहरा मुरझा गया?

(a) जब उन्होंने पारिश्रमिक माँगा (b) जब उन्होंने गायन छोड़ दिया (c) जब उन्होंने फ़िल्म करने से मना कर दिया(d) इनमें से कोई नहीं

**9. पठित काव्यांश पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर के लिए सर्वाधिक उपयुक्त विकल्पों को**

**चुनकर लिखिए:5x1=5**

खींच दो अपने खूँ से ज़मीं पर लकीर

इस तरफ़ आने पाए न रावन कोई

तोड़ दो हाथ अगर हाथ उठने लगे

छू न पाए सीता का दामन कोई

राम भी तुम, तुम्हीं लक्ष्मण साथियो

अब तुम्हारे हवाले वतन साथियो

**(i)** काव्यांश में 'रावन' किसका प्रतीक है **?**

**(a)** अधर्म के मार्ग पर चलने वाले का

**(b)** असत्य के मार्ग पर चलने वाले का

**(c)** भारत के प्रति शत्रुता-भाव रखने वाले का

**(d)** भारत के प्रति सद्भावना रखने वाले का

**(ii)** निम्नलिखित कथन **(A)** तथा कारण **(R)** को ध्यानपूर्वक पढ़िए **I** उसके बाद दिए गए विकल्पों में से एक सही विकल्प चुनकर लिखिए:

कथन **(A)** : देश की रक्षा का दायित्व केवल सैनिकों का है।

कारण **(R)** : देशवासियों को राम-लक्ष्मण के समान राष्ट्र रूपी सीता की रक्षा करनी चाहिए।

**(a)** कथन **(A)** सही है तथा कारण **(R)** गलत है।

**(b)** कथन **(A)** गलत है तथा कारण **(R)** सही है।

**(c)** कथन **(A)** तथा कारण कारण **(R)** दोनों गलत हैं।

**(d)** कधन **(A)** तथा कारण **(R)** दोनों सही हैं।

(iii) 'खींच दो अपने खूँ से ज़मीं पर लकीर'- का आशय है -

(a) देश के लिए न्योछावर होने का उदाहरण रखना।

(b) रक्त-रंजित युद्ध में बढ़ चढ़कर भाग लेना ।

(c) रक्त-रंजित युद्ध से बचने का प्रयास करना ।

(d) देश हेतु आत्म बलिदान की ज़रूरत न होना ।

(iv) 'साथियो' संबोधन से किसे संबोधित नहीं किया गया है ?

(a) देशवासियों को(b) साथी सैनिकों को(c) भावी सैनिकों को(d) प्रवासियों को

(v) काव्यांश में किसके हाथों को तोड़ने की बात की गई है ?

(a) देश के प्रति गलत मंशा रखने वाले की

(b) देश के प्रति उदार मंशा रखने वाले की

(c) सीता का अपहरण करने वाले व्यक्ति की

(d) सीता को अपमानित करने वाले व्यक्ति की

**10.पठित गद्यांश पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर के लिए सर्वाधिक उपयुक्त विकल्पों को चुनकर लिखिए-5x1=5**

मेरी माँ कहती थी, सूरज ढले आँगन के पेड़ों से पत्ते मत तोड़ो, पेड़ रोएँगे। दीया-बत्ती के वक्त फूलों को मत तोड़ो, फूल बद्दुआ देते हैं । दरिया पर जाओ तो उसे सलाम किया करो, वह खुश होता है। कबूतरों को मत सताया करो, वे हज़रत मुहम्मद को अजीज़ है। उन्होंने उन्हें अपनी मजार के नीले गुंबद पर घोंसले बनाने की इजाज़त दे रखी है। मुर्गे को परेशान नहीं किया करो, वह मुल्ला जी से पहले मोहल्ले में अज़ान देकर सबको सवेरे जगाता है।

सबकी पूजा एक-सी, अलग-अलग है रीत।

मस्जिद जाए मौलवी, कोयल गाए गीत।।

(i)गुंबद से क्या तात्पर्य है?

(a) इमारत का अर्द्ध-गोलाकार शिखर(b) लोगों का समूह(c) पक्षियों के रहने का स्थान

(d) नदियों की समतल भूमि

(ii)माँ ने शाम के समय पेड़ों से पत्ते न तोड़ने के पीछे क्या तर्क दिया?

(a) उस समय पेड़ सोते हैं। (b) उस समय पेड़ दूसरी दुनिया में होते हैं। (c) ऐसा करने से पेड रोते हैं। (d) उस समय पेड़ ध्यान लगाते हैं।

(iii) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए:

कथन (A): लेखक की माँ कबूतरों को सताने से, मुर्गे को परेशान करने से मना करती है।

कारण (R) : लेखक की माँ के मन में पशु-पक्षियों के प्रति प्रेम भरा था।

(a) कथन (A) सही है तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है

(b) कथन (A) गलत है, लेकिन कारण (R) सही है।

(c) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं।

(d) कथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) उसकी सही व्याख्या नहीं करता है।

(iv) माँ के अनुसार, दीया-बत्ती के समय फूल तोड़ने से क्या होता है?

(a) फूल मुरझा जाते हैं।(b) फूल बद्दुआ देते हैं। (c) फूल अपने आप गिर जाते हैं।

(d) फूलों की सुगंध समाप्त हो जाती है।

(v) "दरिया पर जाओ, तो उसे सलाम करो वह खुश होता है, कबूतरों को मत सताया करो वे हज़रत मुहम्मद को अजीज़ है।दीया-बत्ती के वक्त फूलों को तोड़ने से वे बद्दुआ देते हैं।

उपर्युक्त पंक्तियों के माध्यम से क्या ज्ञात होता है?

दिए गए कथनों पर विचार कीजिए और उचित विकल्प का चयन कीजिए -

(i) लेखक की माँ प्रकृति से अत्यंत प्रेम करती है। (ii) लेखक की माँ प्राणी मात्र के प्रति दया भाव रखती है। (iii) लेखिका की माँ पशु-पक्षियों की रक्षा करना अपना कर्त्तव्य मानती हैं। (iv) लेखक की माँ एक अंधविश्वासी महिला है।

(a) (i) और (ii) (b) (ii) और (iv) (c) (i) (ii) और (iii) (d) केवल (iv)

खंड-ब

( वर्णनात्मक प्रश्न)

**11. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए:2x3=6**

(क) आज के समय में मनुष्य समाज तथा स्वयं से कटता जा रहा है। भाग-दौड़ भरी ज़िंदगी ने मनुष्य से उसका वर्तमान ही छीन लिया है। 'झेन की देन' पाठ के आधार पर जीवन में वर्तमान समय के महत्व का उल्लेख कीजिए।

यह कटुसत्य है कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में आम आदमी तनावग्रस्त हो रहा है। वह कम समय में अधिक-से-अधिक पाना और बड़े से बड़ा व्यक्ति होना चाहता है। भौतिकवाद ने इसे और भी तनावग्रस्त बना दिया है। हम अपने शारीरिक तथा मानसिक विकास से कोसों दूर होते जा रहे हैं। मेरे विचार से आज के विभिन्न तनावों से मुक्त होकर स्वस्थ व संपूर्ण जीवन का आनंद लेने के लिए साहित्य, संगीत एवं कला का सहारा लेना

(ख) बढ़ती हुई आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए किए गए मानवीय क्रियाकलापों ने प्रकृति को नकारात्मक रूप में प्रभावित कर उसे असंतुलित किया है। प्रकृति के इस असंतुलन का मानवीय जीवन पर क्या प्रभाव पड़ा है? 'अब कहाँ दूसरों के दुख से दुखी होने वाले' पाठ के आधार पर लिखिए।

मानव-जाति ने अपनी संकीर्ण मानसिकता से अपने हित के लिए बुद्धि का उपयोग किया। वह सभी धरती पर अधिकार करने का प्रयास किया, समुद्र से ज़मीन छीनी, जंगलों को साफ किया और पशु-पक्षियों को बेघर करके अपने आसपास दीवारें खड़ी की। इससे प्राकृतिक संतुलन खराब हुआ, पशु-पक्षियों का स्थान नहीं रहा, और प्राकृतिक आपदाएँ बढ़ी। भूकंप, बाढ़, तूफान, गर्मी, तेज़ वर्षा ने कई बीमारियों को उत्पन्न किया। इस तरह पर्यावरण के असंतुलन का जन-जीवन पर गहरा प्रभाव पड़ा है।

(ग) दीवार हमगोश दारद, तन्हाई वज़ीर अली के इस कथन का क्या तात्पर्य है और उसने ऐसा क्यों कहा?

फ़ारसी कहावत उर्दू में प्रयुक्त, दीवार भी कान रखती है, दीवारों के भी कान होते हैं, यह एक कहावत हैं जिसका अर्थ होता है "सतर्क रहना", कोई आप की बात सुन सकता है, जहां गोपनीयता रखनी जरूरी समझे वहां इस मुहावरे को प्रयोग में लाया जाता है

**12. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए:2x3=6**

(क) पर्वत प्रदेश में पावस कविता में इंद्र की कल्पना जादूगर के रूप में क्यों की गई है उनके जादूगरी के प्रभाव का वर्णन कीजिए।

पर्वत प्रदेश में पावस" कविता में इंद्र देव वर्षा ऋतु में अनेक रूपों में अपनी जादूगरी दिखाते हैं। पर्वत प्रदेश में पहाड़ियों से अचानक धुंध उठने लगती है और आकाश में काले बादल छा जाते हैं जिस कारण वहां का पूरा वातावरण अंधकारमय हो जाता है।

(ख) मनुष्यता कविता के आधार पर बताइए कि पृथ्वी स्वयं को धन्य कब मानती है?

जो व्यक्ति उदारतापूर्वक मानव सेवा करता है, धरती भी उसे पाकर स्वयं को धन्य मानती है। उदार एवं महान लोगों के महान कृत्यों की गाथा युगों तक गूँजती रहती है। ऐसे लोग जो परार्थ में जीवनयापन करते हैं उन्हें समस्त सृष्टि पूजती है।

(ग) 'दुखों से बचना और दुखों को सहना इन दोनों में क्या अंतर है? 'आत्मत्राण' कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

आत्मत्राण का अर्थ है आत्मा का त्राण अर्थात आत्मा या मन के भय का निवारण, उससे मुक्ति। कवि चाहता है कि जीवन में आने वाले दुखों को वह निर्भय होकर सहन करे। दुख न मिले ऐसी प्रार्थना वह नहीं करता बल्कि मिले हुए दुखों को सहने, उसे झेलने की शक्ति के लिए प्रार्थना करता है।

**13. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए-2x3=6**

(क) नौवीं कक्षा में दो बार अनुत्तीर्ण हो जाने वाली टोपी की भावनात्मक परेशानियों को देखते हुए शिक्षा व्यवस्था में किए जाने वाले आवश्यक बदलाव हेतु अपने शब्दों में कुछ सुझाव लिखिए।

टोपी के भावनात्मक परेशानियों को मद्देनज़र रखते हुए शिक्षा व्यवस्था में कुछ आवश्यक बदलावों की आवश्यकता है। सुझाव इस प्रकार हैं| किसी भी छात्र को एक ही कक्षा में दो बार फेल नहीं करना चाहिए दूसरी बार उसे अगली कक्षा में बैठा देना चाहिए। छात्र जिस विषय में पास न हो रहा हो उसे उससे हटा दिया जाए।

(ख) "हरिहर! यहाँ कोई किसी का नहीं है। पत्नी, बेटे भाई-बंधु सब स्वार्थ के साथी हैं। जिस दिन उन्हें लगेगा कि तुमसे उनका स्वार्थ सधने वाला नहीं, उस दिन वे तुम्हें पूछेंगे तक नहीं।...... तुम अपने हिस्से का खेत ठाकुरबाड़ी के नाम पर लिख दो। सीधे बैकुंठ को प्राप्त करोगे। तीनों लोक में तुम्हारी कीर्ति जगमगा उठेगी।

महंत के इस कथन से साधु-महंतों की किस भावना का पता चलता है? 'हरिहर काका' पाठ के आधार पर लिखिए।

हरिहर काका एक निःसंतान व्यक्ति थे। उनके पास पंद्रह बीघे जमीन थी। हरिहर काका के भाइयों ने पहले तो उनकी खूब देखभाल की परंतु धीरे-धीरे उनकी पत्नियों ने काका के साथ दुर्व्यवहार करना शुरू कर दिया। महंत को जब यह पता चला तो वह बहला-फुसलाकर काका को ठाकुरबारी ले आए और उन्हें वहाँ रखकर उनकी खूब सेवा की। साथ ही उसने काका से उनकी पंद्रह बीघे जमीन ठाकुरबारी के नाम लिखवाने की बात की। काका ने जब ऐसा करने से मना किया तो महंत ने उन्हें मार-पीटकर जबरदस्ती कागज़ों पर अँगूठा लगवा दिया। इस बात पर दोनों पक्षों में जमकर झगड़ा हुआ। दोनों ही पक्ष स्वार्थी थे। वे हरिहर काका को सुख नहीं दुख देने पर उतारू थे। उनका हित नहीं अहित करने के पक्ष में थे। दोनों का लक्ष्य जमीन हथियाना था। इसके लिए दोनों ने ही काका के साथ छल व बल का प्रयोग किया। इसी कारण हरिहर काका को अपने भाई और महंत एक ही श्रेणी के लगने लगे।

(ग) लेखक का विद्यालय बहुत छोटा था। स्कूल की प्रार्थना के समय प्रधानाचार्य बाहर आते और अनुशासन में खड़े छात्रों को देखकर बहुत खुश होते थे। मास्टर प्रीतम चंद खेल के अध्यापक थे, वह स्वभाव से बहुत कठोर थे । 'सपनों के से दिन' पाठ के आधार पर पी. टी. सर की चारित्रिक विशेषता का वर्णन कीजिए।

इस पाठ के आधार पर मास्टर प्रीतम चंद्र जी और हेड मास्टर शर्मा जी ये दोनों एक ही स्कूल में पढ़ाते थे जिनमें प्रीतम चंद्र जी का व्यवहार बिल्कुल अनुकूल नहीं था वही हेड मास्टर शर्मा जी का व्यवहार बच्चों के लिए अनुकूल था।प्रीतम चंद्र जी चौथी कक्षा में फारसी पढ़ाते थे अगर कोई लड़का एक बार काम पुरा नहीं करता था तो उसे मुर्गियां बना देते थे जब यह दृश्य हेड मास्टर साहब ने देखा तो बहुत क्रोधित हुए उन्होंने शिक्षा विभाग के डायरेक्टर को शिकायत लिख दिया और प्रीतम चंद्र जी को स्कूल से निकलवा दिया। दूसरी तरफ हेडमास्टर शर्मा जी जो अपने क्लास के बच्चों या दूसरे क्लास के बच्चों को भी काफी प्रेम और अपनापन देते थे उन्हें कई तरह के पुरस्कार देकर अनुशासित रखते हुए पढ़ाते थे अगर बच्चा गलती भी करता तो वो बच्चे को मारते नहीं और उन्हें प्यार से पढ़ाते है शर्मा जी कभी भी उन सभी अध्यापकों के पक्ष में नहीं होते जो अध्यापक बच्चों को मारते पिटते थे।

**14. निम्नलिखित में से किसकी एक विषय पर दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर लगभग 100 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए-1x5=5**

(क) 18 वर्ष की आयु में मताधिकार

संकेत बिंदु-• 18 वर्ष की आयु में मताधिकार के विचार में तार्किकता, • युवा-राष्ट्र का महत्त्वपूर्ण एवं

राजनीतिक वर्ग, • ध्यान रखने योग्य बातें

(ख) सिनेमा और युवा पीढ़ी

संकेत बिंदु - •प्रभाव, • सामाजिक उद्देश्य की आवश्यकता, •सकारात्मक व नकारात्मक भूमिका

(ग) सिकुड़ते वन बिगड़ता पर्यावरण

संकेत बिंदु-• महत्त्व, • सिकुड़ते वन, •पर्यावरण पर प्रभाव

भूमिका -1
विषय वस्तु -3
भाषा -1

**15.**(क) आप हर्ष ठाकुर /हर्षिता ठाकुर है। आपने ऑनलाइन लैपटॉप खरीदा है परंतु खरीदने के एक महीने के भीतर ही उसमें खराबी आ गई है। इस बात की जानकारी देते हुए तथा लैपटॉप बदलने का आग्रह करते हुए कंपनी के ईमेल पते पर लगभग **100** शब्दों में एक ईमेल लिखिए।

अथवा

(ख) 'परिश्रम ही सफलता की सीढ़ी है' शीर्षक विषय पर लगभग **100** शब्दों में एक लघु कथा लिखिए।**1x5=5**

भूमिका -1
विषय वस्तु -3
भाषा -1

**16.** आप विद्यालय के हिंदी संघ के सचिव रंजन गुप्ता /रंजनी गुप्ता है। अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य को लगभग **100** शब्दों में एक पत्र लिखिए जिसमें पुस्तकालय में हिंदी की अच्छी पुस्तकें व पत्रिकाएँ मँगवाने के लिए निवेदन किया गया हो। **1x5=5**

अथवा

नगर विकास प्राधिकरण के सचिव को लगभग **100** शब्दों में एक पत्र लिखकर अनुरोध कीजिए कि आपके मोहल्ले की सड़कों में अनगिनत गड्ढे हैं बरसात आने से पहले उन सड़कों की दशा में आवश्यक

सुधार किया जाए।

भूमिका -1
विषय वस्तु -3
भाषा -1

**17. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 60 शब्दों में विज्ञापन तैयार कीजिए।**

सायंकाल भ्रमण के समय आपके साथ चला आपका पालतू कुत्ता कहीं खो गया है। इसकी जानकारी देने वालों को इनाम घोषित करते हुए एक विज्ञापन तैयार कीजिए।**1x3=3**

अथवा

कचरा प्रबंधन के प्रति आम लोगों में जागरूकता लाने के लिए पर्यावरण मंत्रालय के लिए एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए।

भूमिका -1
विषय वस्तु -1
भाषा -1

**18.** आप **10**वीं 'ब' के छात्र गौतम शर्मा/गौतमी शर्मा है।आप शाला के कप्तान है। आपके विद्यालय में पुस्तक प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है जिसमें हर तरह की पुस्तकों पर **25%** छूट दी जाएगी। यह पुस्तक के विभिन्न विषयों से संबंधित होगी इस संबंध में लगभग **80** शब्दों में एक सूचना तैयार कीजिए।**1x4**

भूमिका -1
विषय वस्तु -2
भाषा -1

अथवा

आपके विद्यालय की क्रिकेट टीम का एक मैच दिल्ली पब्लिक स्कूल के साथ उनके मैदान में होने जा रहा है। शाम 4:00 बजे होने वाले इस मैच में अधिक से अधिक छात्रों को पहुँचने के लिए एक सूचना लगभग 80 शब्दों में लिखिए।

भूमिका -1

विषय वस्तु -3

भाषा -1